







## एक नजर में

### मारपीट, रंगदारी और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**पिपलिया मण्डी।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जग्गाखेड़ी में एक वृद्ध व्यक्ति से मारपीट, गाली-गलौज और हर माह रुपये देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शंकरलाल जाट (65) निवासी जग्गाखेड़ी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह अपने भाई कंवरलाल जाट के साथ गांव की राठौर धर्मशाला में भोजन करने गया था। भोजन के बाद जब वह रात करीब 8:30 बजे घर लौट रहा था, तभी धर्मशाला के बाहर आरोपी लक्ष्मीनारायण उर्फ मुकेश जाट और उसका पुत्र कुंदन जाट उसके पास आए। फरियादी के अनुसार आरोपियों ने उसे धमकाते हुए कहा कि यदि गांव में रहना है तो हर माह 10,000 रुपये देने होंगे। जब उसने रुपये देने से इनकार किया, तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ अश्लील गाली-गलौज की। विरोध करने पर लक्ष्मीनारायण ने लकड़ी से हमला कर दिया, जिससे शंकरलाल के बाएं जांघ पर चोट आई। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए उसके भाई कंवरलाल जाट पर भी कुंदन ने लकड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसके दाएं हाथ और सीने पर चोट लगी। आरोपियों ने फरियादी को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि रुपये नहीं दिए तो अंजाम बुरा होगा। पुलिस थाना नाहरगढ़ ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, रंगदारी और जान से मारने की धमकी के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### पीएमएफएमई योजना से कैलाश पोरवाल बने कच्ची घानी तेल उत्पादन के सफल उद्यमी



**मंदसौर।** पिपलिया मंडी निवासी कैलाश पोरवाल ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के सहयोग से कच्ची घानी तेल उत्पादन का सफल व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। 'जीटी डायमंड' नाम से वे लकड़ी आधारित कच्ची घानी तकनीक से मूंगफली, तिल व सरसों का शुद्ध तेल तैयार कर रहे हैं, जिसकी आपूर्ति देश के कई राज्यों तक हो रही है। स्वास्थ्य समस्याओं के चलते शुद्ध तेल उपयोग के संकल्प से शुरू हुई इस पहल को पीएमएफएमई योजना के तहत पंजाब नेशनल बैंक से लगभग 30 लाख रुपये का ऋण एवं 10 लाख रुपये की सब्सिडी का सहयोग मिला। इससे उन्होंने आधुनिक मशीनें स्थापित कर उत्पादन शुरू किया। वर्तमान में उनकी इकाई में प्रतिदिन करीब 165 लीटर तेल का उत्पादन हो रहा है। इस उद्योग से 15 लोगों को रोजगार मिला है तथा उन्हें लगभग 1.5 लाख रुपये प्रतिमाह की आय हो रही है। साथ ही उप-उत्पाद के रूप में खल का भी विपणन किया जा रहा है। कैलाश पोरवाल के तेल की गुणवत्ता परीक्षण में ट्रांसफैट और कोलेस्ट्रॉल शून्य पाया गया है, जो इसे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाता है। वे भविष्य में नारियल व बादाम तेल उत्पादन शुरू करने की योजना बना रहे हैं। कैलाश पोरवाल की यह सफलता दर्शाती है कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर स्वरोजगार के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं।

# मंदसौर मंडी प्रशासन की मनमानी से किसान परेशान

**पिपलिया मण्डी।** मंदसौर जिले की कृषि उपज मंडियों में इन दिनों अव्यवस्थाओं, तानाशाही रवैये और कथित रिश्वतखोरी के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रों के किसानों ने मंदसौर मंडी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि उनकी उपज बेचने में जानबूझकर बाधाएं खड़ी की जा रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि मंदसौर मंडी में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी नहीं है। जिन किसानों द्वारा कथित रूप से रिश्वत दी जाती है, उन्हें बिना किसी देरी के मंडी में प्रवेश दे दिया जाता है, जबकि अन्य किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या कई बार उन्हें बाहर ही रोक दिया जाता है। इस भेदभावपूर्ण व्यवस्था से छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

**तुलाई व्यवस्था में अव्यवस्था, किसानों पर अतिरिक्त बोझ:-** मंडी परिसर में गेहूं की तुलाई के दौरान भी किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि तुलाई से लेकर ढुलाई तक का अधिकांश कार्य उन्हें स्वयं करना पड़ता है, जबकि इसके लिए मंडी में कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। मजदूरों की कमी और प्रबंधन की लापरवाही के कारण किसानों को अपनी उपज को संभालने में अतिरिक्त समय और लागत खर्च करनी पड़ रही है। इसके साथ ही मंडी प्रशासन द्वारा एक बार में केवल पांच क्विंटल तक का ढेर ही स्वीकार किया जा रहा है। यदि कोई किसान अधिक उपज लेकर आता है, तो उसे अलग-अलग ढेर बनाने के लिए मजबूर किया जाता है। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि कई बार अधिक मात्रा में लाई गई उपज की एक साथ नीलामी भी नहीं हो पाती, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिलने में बाधा आती है।

**शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई:-** किसान कन्हैयालाल पाटीदार, साबिर और असलम खान सहित कई किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में शोषण चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों का कहना है कि मंडी इंस्पेक्टर लक्ष्मण मेघवाल पर भी रिश्वत लेकर काम करने के आरोप हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।

**खरीदी तारीखों में बार-बार बदलाव से बढ़ी अनिश्चितता:-** किसानों की परेशानी का एक बड़ा कारण गेहूं खरीदी की तिथियों में लगातार हो रहा बदलाव भी है। पहले खरीदी 23 मार्च से प्रारंभ होने वाली थी, जिसे बाद में 1 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया और अब इसे 10 अप्रैल तक आगे बढ़ा दिया गया है। बार-बार की इस देरी से किसानों को अपनी उपज लंबे समय तक सुरक्षित रखने में कठिनाई हो रही है, वहीं बाजार में कीमतें गिरने के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**समर्थन मूल्य से कम दाम पर बेचने को मजबूर किसान:-** वर्तमान में मंडियों में गेहूं का भाव लगभग 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल के बीच चल रहा है, जो कि निर्धारित समर्थन मूल्य से कम है। किसानों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ रही है, जबकि पड़ोसी राज्यों में 16 मार्च से ही समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू हो चुकी है।

**ऋण जमा करने की समय सीमा से बढ़ी परेशानी:-** सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों के ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई थी, लेकिन प्रशासनिक कुप्रबंधन और खरीदी में देरी के चलते लगभग 50 प्रतिशत किसान समय पर ऋण नहीं चुका पाए, जिससे वे डिफॉल्टर की स्थिति में पहुंच गए हैं। इससे भविष्य में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं पर भी संकट खड़ा हो गया है।

**निष्पक्ष जांच की मांग:-** किसानों ने आरोप लगाया है कि मंडी में कालाबाजारी के चलते जानबूझकर अव्यवस्थाएं पैदा की जा रही हैं, ताकि कुछ लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने किया सुंदरकांड का पाठ...

**मंदसौर।** रामटेकरी नरसिंहपुरा रोड़ पर स्थित श्री नरसिंहघाट अखाड़ा परिसर में श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम व भक्तिभाव से मनाया गया। यहां भगवान बालाजी का भव्य श्रृंगार किया गया साथ ही हवन, पूजन और भव्य आरती के साथ सुंदरकाण्ड का पाठ भी किया गया। दिन भर धार्मिक आयोजन किये गये साथ ही भक्तों को यहां प्रसादी का वितरण भी किया गया।

श्री नरसिंहघाट अखाड़ा बालाजी का हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रात: 5 बजे भगवान बालाजी को पीले पीताम्बर का चोला चढ़ाया गया। इसके पश्चात् यहां भव्य वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया। उसके बाद जन्मोत्सव की भव्य आरती की गई और शिखर पर भव्य ध्वजा भी चढ़ाई गई। साथ ही यहां संध्याकालीन बेला में संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ भव्य संध्या आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। श्री नरसिंहघाट अखाड़ा परिसर में स्थित श्री नवग्रह भगवान का भी भव्य पूजन अर्चन किया गया, साथ ही महादेव और रिद्धी सिद्धी गणेश, सती माताजी, जुझारबावजी, नरसिंह भगवान, नन्हें गणपति, गुरूजन समाधी पर भी भव्य भोग लगाया गया व यहां दिन भर भक्तों के आने जाने का क्रम चलता रहा व प्रसादी वितरित की गई।





## अखिल विश्व गायत्री परिवार ने किया प्राचार्य शहजाद हुसैन को सम्मानित

**मंदसौर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और विद्यार्थियों को नैतिक व सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के सराहनीय प्रयासों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भालोट के प्राचार्य श्री शहजाद हुसैन को सम्मानित किया गया है।

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में उनकी सक्रिय भूमिका और निष्ठा के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर गौरवान्वित किया गया। यह सम्मान डॉ. प्रणव पण्ड्या (कुलपति, देव संस्कृति विश्वविद्यालय) एवं शैलबाला पण्ड्या (प्रमुख, अखिल विश्व गायत्री परिवार) के मार्गदर्शन में प्रदान किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने प्राचार्य श्री हुसैन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे इसी प्रकार भविष्य में भी राष्ट्र निर्माण और विद्यार्थियों के चारित्रिक विकास में अपना भागीरथ पुरुषार्थ जारी रखेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

**एक नजर** — शिखर पर विधि-विधान से लहराई ध्वजा

# जयघोष से गुंजायमान हुआ जहाज मंदिर तीर्थ परिसर

**सीतामऊ।** श्री सिद्धाचल धाम जहाज मंदिर तीर्थ की द्वितीय वर्षगाँठ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जय जय श्री आदिनाथ-जय जय श्री पारसनाथ के जयघोष से संपूर्ण तीर्थ परिसर गुंजायमान हो उठा। आचार्य भगवंत आनंदचंद्रसागर सूरीश्वर जी महाराज साहब की पावन निश्रा में मंदिर के भव्य शिखर पर विधि-विधानपूर्वक ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजा की भव्य शोभायात्रा से हुई, जो लाभार्थी परिवार अरविंद कुमार एवं अक्षत कुमार पोरवाल के निवास से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जहाज मंदिर पहुँची। मंदिर परिसर में शोभायात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हुई, जहां संत मंडल के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।



धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य आनंदचंद्रसागर सूरीश्वर महाराज ने धर्म और संसार के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि संसार में वस्तु पुरानी होने पर उसका मूल्य घटता है, जबकि धर्म में प्राचीनता ही उसकी प्रामाणिकता और महत्ता को बढ़ाती है। उन्होंने ध्वज महोत्सव के संदर्भ में तीन महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि ध्वज हमें उच्च विचार रखने, एकता बनाए रखने और श्रेष्ठ संस्कारों के विकास की प्रेरणा देता है। मुनिश्री चरित्रचंद्र सागर जी ने अपने प्रवचन में गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि सद्गुरु के मार्गदर्शन से जीवन को सही दिशा मिलती है और उनकी सेवा आत्मकल्याण का प्रमुख साधन है। संतों के प्रेरक प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। धर्मसभा के पश्चात ट्रस्ट मंडल द्वारा ध्वज महोत्सव के लाभार्थी रघुवीरकुमार पोरवाल, किशोर पोरवाल, विजय पोरवाल एवं अरविंद पोरवाल का परिवार सहित सम्मान किया गया। ट्रस्टी डॉ. अरविंद ओस्तवाल ने संचालन करते हुए तीर्थ के इतिहास पर प्रकाश डाला तथा बताया कि यहां भगवान श्री पार्श्वनाथ एवं श्री आदिनाथ की प्राचीन और मनोहारी प्रतिमाएं विराजमान हैं। साथ ही प्रत्येक पूर्णिमा पर स्नात्र पूजन एवं नवकारसी का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

धर्मसभा के उपरांत अभिजीत मुहूर्त में मुख्य जिनालय सहित समस्त शिखरों पर विधिवत ध्वजारोहण किया गया। पूजन विधान नारायणगढ़ निवासी श्रेयांश दक एवं संभव भंडारी द्वारा संपन्न कराया गया।

सकल जैन श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष हेमंत जैन ने बताया कि इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन और धार्मिक उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## नीमच

## एक नजर में

### जैन समाज ने निकाला भव्य वरघोड़ा, बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने लिया भाग



**सिंगोली।** नगर में चल रहे पंचकल्याणक महा महोत्सव को लेकर शनिवार को भव्य वरघोड़ा निकाला गया। इस दौरान सौधर्म इंद्र परिवार, ध्वजा रोहण कर्ता परिवार, धनपति कुबेर इंद्र परिवार, महायज्ञनायक परिवार, यज्ञनायक परिवार,ईशान इंद्र परिवार, सानत कुमार इंद्र परिवार, माहेंद्र इंद्र परिवार, भरत चक्रवर्ती परिवार, राजा श्रेयांश परिवार, राजा सोम परिवार, स्वर्ण सौभाग्यवती महिला परिवार, प्रात्येंद्र इन्द्र परिवार, महामंडलेश्वर परिवार, मंडलेश्वर परिवार आदि अनेक इंद्र परिवार और नगर के महानुभावों ने रथ और बग्घी में सवार होकर हाथी एवं बैंड बाजों के साथ नगर में भव्य वरघोड़ा निकाला। इस दौरान जैन समाज के महिला पुरुष युवक युवतियां भजनों पर नाचते गाते चल रहे थे। वरघोड़ा अयोध्या धाम परिसर से प्रारंभ होकर नगर प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए अयोध्या धाम परिसर पहुंचा। बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

### जवान मुकेश राठौर 24 साल बाद गांव लौटे, ग्रामीणों ने 6 किमी पैदल चलकर किया जोरदार स्वागत

**नीमच।** जिले की मनासा तहसील के ग्राम कुंडला में शनिवार को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए जवान मुकेश राठौर का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने देश सेवा में 24 साल समर्पित किए हैं। उनके पैतृक गांव लौटने पर पूरे गांव में उत्सव का माहौल था। स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत तालाब किनारे स्थित प्रसिद्ध कालेश्वर मंदिर में विशेष हवन के साथ हुई। जवान और उनके परिजनों ने विधि-विधान से आहुतियां देकर मंगल भविष्य की कामना की। सुबह 11 बजे मुकेश राठौर सैन्य वर्दी में सजे और पैदल रैली शुरू की। तिरंगा लहराते ग्रामीणों के जोश ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। करीब 3500 की आबादी वाले गांव की गलियों और नई बस्ती से गुजरते हुए जवान ने 6 किलोमीटर का सफर पैदल तय किया। इस दौरान डीजे पर देशभक्ति गीत गूंजते रहे, जिससे युवा और महिलाएं झूमने पर मजबूर हो गए। ग्रामीणों ने छतों और रास्तों से सैकड़ों बार पुष्प वर्षा कर जवान पर स्नेह बरसाया। गांव के 9 प्रमुख स्थानों पर रुककर जवान का साफा बांधकर नागरिक अभिनंदन किया गया। मुकेश राठौर ने अपनी जड़ों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए हर मोड़ पर खड़े बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। बुजुर्गों ने भी भावुक होकर उन्हें उज्ज्वल जीवन की दुआएं दीं। यह रैली अनुशासन और गरिमा के साथ कालेश्वर मंदिर पर ही संपन्न हुई। इसने न केवल गांव की एकता को प्रदर्शित किया, बल्कि सेना के प्रति अटूट सम्मान की एक नई मिसाल भी पेश की।



### नीमच में सीबीएन की बड़ी कार्रवाई

# 1.936 किलो अवैध अफीम जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**नीमच।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्य प्रदेश यूनिट को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 2 अप्रैल 2026 को सीबीएन की निवारक टीम ने मनासा पिपलिया मंडी मार्ग पर लोढ़किया रूपावास के पास, तहसील मनासा में कार्रवाई करते हुए 1.936 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है।

इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार होने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार, सीबीएन को विशिष्ट गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मनासा क्षेत्र का एक तस्कर अपने साथियों के साथ 2 से 2.5 किलोग्राम अफीम की डिलीवरी करने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए नीमच स्थित अधिकारियों ने एक विशेष टीम का गठन किया और 2 अप्रैल की दोपहर को टीम को मौके पर रवाना किया गया। टीम ने मनासा पिपलिया मंडी मार्ग पर संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए घेराबंदी की। कुछ समय बाद संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की पहचान की गई। नियमानुसार सीबीएन अधिकारियों ने वाहन को रुकवाया और तलाशी की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान स्थिति अचानक बदल गई, जब वाहन में सवार दो व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। हालांकि, टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते एक आरोपी को खेतों के रास्ते भागते समय पीछा कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक प्लास्टिक थैली में रखी गई अवैध अफीम बरामद हुई, जिसे कपड़े के बैग के अंदर छिपाकर रखा गया था। जब्त की गई अफीम का कुल वजन 1.936 किलोग्राम पाया गया। सीबीएन अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया और आरोपी को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे मामले में फरार दो आरोपियों की तलाश जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। सीबीएन अधिकारियों का मानना है कि यह मामला एक बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। सीबीएन, मध्य प्रदेश यूनिट ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिदिन हो रहे धार्मिक आयोजन

**सिंगोली।** आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद और अर्हं योग प्रणेता मुनि108 श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में सिंगोली नगर में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव के गर्भ कल्याणक उत्तर रूप (सीप के मोती) के दौरान सर्वप्रथम प्रात: काल जाप आराधना, मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, गर्भ कल्याणक पूजन एवं मुनि श्री की अमृत वाणी सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ततपश्चात दोपहर 1:00 अयोध्या नगरी मै राजा नाभिराय माता मरुदेवी की गोद भराई का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सौधर्म इंद्र परिवार, ध्वजा रोहण कर्ता परिवार, धनपति कुबेर इंद्र परिवार, महायज्ञनायक परिवार, यज्ञनायक परिवार,ईशान इंद्र परिवार, सानत कुमार इंद्र परिवार, माहेंद्र इंद्र परिवार, भरत चक्रवर्ती परिवार, राजा श्रेयांश परिवार, राजा सोम परिवार, स्वर्ण सौभाग्यवती महिला परिवार, प्रात्येंद्र इन्द्र परिवार, महामंडलेश्वर परिवार, मंडलेश्वर परिवार आदि अनेक इंद्र परिवार और अनेक नगर के महानुभावों के माध्यम से माता पिता की गोद भराई की गई।

# मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजयजी और पवित्ररत्न विजयजी का आगामी चातुर्मास मंदसौर में

▶ मोहनखेड़ा तीर्थ पर मंदसौर श्रीसंघ की विनती गुरूदेव ने स्वीकारी

**मन्दसौर।** श्री सौधर्म बृहत्तपागच्छीय विस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्री संघ मन्दसौर श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद शाखा मन्दसौर, तरुण परिषद शाखा मन्दसौर एवं महिला परिषद शाखा मन्दसौर का 50 सदस्यीय प्रतिनिधी मण्डल श्री मोहन खेड़ा तीर्थ स्थित श्री जयन्त सेन म्यूजियम परिसर में युग प्रभावक गुरुदेव, पुण्य सम्राट श्री जयन्त सेन सूरीश्वर महाराजा के शिष्य रत्न प.पू. गच्छाधिपति नित्यसेन सूरीश्वरजी की पावन निश्रा में आयोजित चैत्र मास की शास्वत ओली जी आराधना की पूर्णाहूति एंव चैत्रमास पूर्णिमा चातुर्मास उद्घोषणा महापर्व में सम्मिलित हुआ।

चातुर्मास उद्घोषणा महापर्व में देश भर से पधारे श्री संघों की उपस्थिती में प्रतिनिधी मण्डल की ओर से राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के केन्द्रीय सदस्य श्रेयांस हींगड़ द्वारा गच्छाधिपती से विगत 6 वर्षो से लम्बित श्री नवलखा पार्श्वनाथ मन्दिर जैन कालेज परिसर महुनीमच रोड, श्री राजेन्द्र विलास जीवागंज निमार्णाधीन गुरु मन्दिर एवं अन्य मन्दिरों में पुण्य सम्राट के बिम्बों की प्रतिष्ठा हेतु भाव भरी विनती की गई तथा अन्य लम्बित कार्यों से अवगत कराया। साथ ही वर्ष 2026 के वषार्वास हेतु गच्छाधिपती के चातुर्मास की विनती की गई। अगर गच्छाधिपती का चातुर्मास संभव न हो तो वर्ष 2009 के पश्चात मुनिराज का चातुर्मास मन्दसौर नहीं हुआ है। अत: परमरस मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजय जी म.सा. एवं पवित्ररत्न विजयजी म.सा. के चातुर्मास हेतु विनती की गई। उपस्थित सभी संघो की विनती श्रवण करने, पश्चात गच्छाधिपती. द्वारा प्रतिनिधी मण्डल को प्रतिष्ठा एवं अन्य लम्बित कार्यो हेतु चातुर्मास के दौरान मुहुर्त प्रदान करने का आश्वासन दिया। तथा 2026 के वर्षावास हेतु प्रतिनिधी मण्डल की भाव भरी विनती स्वीकार करते हुए मुनिराज प्रत्यक्ष रत्न विजयणी मा एवं पवित्र रत्न विजयजी म.सा. के मन्दसौर चातुर्मास की स्वीकृती प्रदान की। जिससे प्रतिनिधी मण्डल एवं श्री संघ में हर्ष छा गया।

**एक नजर** — एक ट्रॉली से अधिक गंदा कचरा किया एकत्रित

# पर्यावरण मित्रों ने सुभाष वाटिका परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच विगत 11 वर्षों से निरन्तर अभियान चला कर शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाने में जुटी हुई है।

अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने शनिवार को सुबह 7 से 10 बजे तक फुव्वारा चौक स्थित सुभाष वाटिका परिसर में श्रमदान कर प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी, प्लास्टिक एवं शराब की खाली बोतलें, फटे पुराने कपड़े, आदि एकत्रित कर परिसर के अंदर एवं बाहर गंदे कचरे के ढेर लगा कर क्षेत्र के दरोगा को कचरा उठवाने की कहा गया।

संस्था सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आदम कद प्रतिमा को भी साफ़ किया इस अवसर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि रात्रि में शहर के अधिकांश बाग बगीचों, ग्रीन बेल्ट परिसरो में असामाजिक तत्वों द्वारा शराब पीकर खाली बोतलें प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां फेंक कर परिसर को गंदा कर दिया जाता है पुलिस प्रशासन को रात्रि में ऐसे क्षेत्रों में भी गस्त लगा कर असमाजिक तत्वों पर नकेल कसना चाहिए, इसी तरह शहर के मुख्य फुव्वारा चोक सुभाष वाटिका परिसर के बाहर कई फोर व्हीलर जीपें खड़ी रहती है जिनके पीछे लोग खुले में मुत्र करते हैं जो बहुत ही शर्मनाक है। नगर पालिका को इस ओर ध्यान देकर चालानी कार्रवाई करना चाहिए।

अभियान में संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, भारतीय सुभाष सैना के कोषाध्यक्ष रामलाल रामलख्यानी, केशव सिंह चौहान आदि ने 3 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था सचिव दुलीचंद कनेरिया ने दी है।

